दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 88 मुरादाबाद 23 July 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## योगी सरकार का 27 लाख कर्मचारियों-पेंशनरों को तोहफा, महंगाई भत्ते में इजाफा; जनवरी से मिलेगा लाभ



पिछले कई महीनों से महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) बढ़ने का इंतजार कर रहे 16 लाख राज्य कर्मचारियों और 11.5 लाख सिविल/पारिवारिक पेंशनरों का इंतजार खत्म हो गया है। राज्य कर्मचारियों को पहली जनवरी 2022 से तीन प्रतिशत की बढ़ी दर से डीए और पेंशनरों को डीआर देने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने के बाद वित्त विभाग राज्य कर्मचारियों को पहली जनवरी से 34 प्रतिशत की दर से डीए और पेंशनरों को इसी दर से डीआर देने का शासनादेश जल्द जारी करेगा। कर्मचारियों और पेंशनरों को अभी 31 प्रतिशत की दर से डीए व डीआर का भुगतान हो रहा था। बढ़े डीए का लाभ राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण व प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी निकायों के नियमित व पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्य प्रभारित कर्मचारियों और यूजीसी वेतनमानों में कार्यरत पदधारकों को मिलेगा जिनकी कुल संख्या लगभग 16 लाख है राज्य कर्मचारियों को अगस्त में जुलाई के वेतन के साथ 34 प्रतिशत की दर से डीए का नकद भुगतान किया जाएगा। पहली जनवरी से 30 जून तक बढ़े डीए की धनराशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते (जीपीएफ) में जमा होगी। एरियर की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में 31 जुलाई 2023 तक जमा रहेगी और उसे अंतिम निकासी के मामलों को छोड़कर इस तिथि से पहले नहीं निकाला जा सकेगा। राष्ट्रीय पेंशन योजना के दायरे में आने वाले कर्मचारियों को पहली जनवरी से 30 जून तक देय बढ़े डीए के एरियर की 10 प्रतिशत राशि उनके टियर-1 पेंशन खाते में जमा की जाएगी और 90 प्रतिशत धनराशि उन्हें राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में दी जाएगी। जिन अधिकारियों या कर्मचारियों की सेवाएं डीए बढने का शासनादेश जारी होने की तारीख से पहले खत्म हो गई हों या जो पहली जनवरी 2022 से लेकर शासनादेश जारी होने की तारीख तक सेवानिवृत्त हुए होंगे या छह महीने के अंदर रिटायर होने वाले होंगे, उनको डीए के बकाये की पूरी धनराशि का नकद भुगतान किया जाएगा। कर्मचारियों-पेंशनरों को तीन प्रतिशत की बढ़ी दर से डीए-डीआर का भुगतान करने पर बीती जनवरी से जुलाई तक सरकारी खजाने पर कुल 974 करोड़ रुपये का बोझ आएगा। इसके बाद हर महीने 220 करोड़ रुपये व्ययभार आएगा।

## आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, शीर्ष अदालत ने ठुकराई योगी सरकार की मांग




विधायक और समाजवादी पार्टी के गद्दावर नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान को रामपुर जाने से रोकने की यूपी सरकार की मांग को खारिज कर दिया। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार को आदेश दिया है कि वो जौहर यूनिवर्सिटी के पास जमीन को तुरंत डीसील करे। इसके अलावा आजम खान को सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत भी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की उस शर्त को भी हटाया जिसमें कथित तौर पर कब्जा की गई 13 एकड़ जमीन प्रशासन को वापस लौटाने की शर्त लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये ट्रेंड बन गया है कि हाई कोर्ट जमानत देते हुए गैर जरूरी शर्तें लगा रहा है। गौरतलब है कि आजम खान को 19 मई को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी। कोर्ट ने आजम खान से कहा था कि वो लंबित मामलों में निचली अदालत से नियमित जमानत लें और जब तक वो नियमित जमानत लेते हैं तबतक अंतरिम जमानत जारी रहेगी। कोर्ट ने निचली अदालत से नियमित जमानत लेने के लिए आजम खान को दो हफ्ते का समय दिया था। कोर्ट ने कहा था नियमित जमानत पर फैसला होने तक अंतरिम जमानत जारी रहेगी। गौरतलब है कि योगी सरकार के इस फैसले का लाभ यूपी के 16 लाख सरकारी कर्मचारियों और 11.52 लाख पेंशन धारकों को होगा।

## पहले तलाक होगा, फिर नए निकाह पर बात होगी- सपा से गठबंधन पर बोले ओम प्रकाश राजभर



पिछले कई दिनों से अखिलेश यादव के खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने आखिरकार गठबंधन तोड़ने को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। ओपी राजभर ने कहा कि तलाक होगा और उसके बाद नए निकाह की सोची जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए ओपी राजभर ने फिर कहा कि अखिलेश यादव के नवरत्न कभी उन्हें अखिलेश यादव से मिलने नहीं देते। उन्होंने कटाक्ष करते हुए ये भी कहा कि अखिलेश के नवरत्न उन्हें गलत सलाह देते हैं, वो एसी कमरों में बैठकर फोन पर आजमगढ़ और रामपुर में वोट दिलवा रहे थे जबकि वो जमीन पर संघर्ष कर रहे थे। ओपी राजभर ने कहा कि हमारा अभी तक समाजवादी पार्टी से गठबंधन चल रहा है लेकिन तलाक होगा। उसके बाद अगले निकाह के बारे में बात होगी। ओपी राजभर ने कहा कि हम अपने मुद्दों को लेकर बसपा प्रमुख मायावती से बात करेंगे। इससे पहले राजभर मायवती और बसपा की तारीफ करते हुए उसे सबसे बढ़िया और व्यवस्थित पार्टी बता चुके हैं। राजभर ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले बहुत गोलबंदी होगी, बस देखते जाइये।

### वाई कैटिगरी सुरक्षा मिलने पर सीएम योगी को दिया धन्यवाद

वाई कैटेगिरी की सुरक्षा मिलने को लेकर ओपी राजभर ने सीएम योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरी सुरक्षा को लेकर पहले से बात हो रही थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग से रिपोर्ट मंगवाकर मुझे सुरक्षा प्रदान की है। ओपी राजभर ने कहा कि मेरे पर हमला भी हुआ है इसलिए मैं सीएम योगी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे सुरक्षा प्रदान कराई।

## कांवड़ यात्रा: हाईवे पर हल्के वाहनों पर भी रोक, शिवरात्रि पर होगा कड़ा पहरा

कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए नेशनल व स्टेट हाईवे पर बड़े वाहनों के साथ अब हल्के वाहनों पर भी रोक लगा दी है। वन-वे सिस्टम के तहत छोटे वाहनों का भी आवागमन हो रहा है। एसपी ट्रैफिक जितेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि शहर में कांवड़ियों का जन सैलाब उमड़ रहा है। मुजफ्फरनगर से लाखों की तादाद में कांवड़ियां मेरठ की सीमा में पहुंच चुके हैं। उनको सुरक्षित गाजियाबाद व दिल्ली के लिए रवाना किया जा रहा है। इसके साथ पुलिस ने उनकी सुरक्षा को लेकर भी तैयारियां पूरी कर ली है। शिवरात्रि के दिन ड्रोन कैमरों व हेलीकॉप्टर से निगरानी की जाएगी। लाखों की तादाद में कांवड़ियों ने मेरठ की सीमा में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। उनकी सुरक्षा के लिए मेरठ जोन के नौ जिलों में रूट डायवर्जन है। शुक्रवार से ट्रैफिक पुलिस ने नेशनल व स्टेट हाईवे पर हल्के वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ हापुड़ रोड, गढ़ रोड, दिल्ली रोड पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी है। इसके साथ कई स्थानों पर बैरियर लगा दिए गए है।

### कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर ड्यूटी बढ़ाई

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर शहर व देहात में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी बढ़ा दी गई है। किए गए हैं। इसके साथ होमगार्डों व पीआरडी के जवानों को भी लगाया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सीधे लोगों की जिन्दगी को स्वस्थ्य रखने का दायित्व है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक से लेकर पैरामेडिकल कर्मी तक अपने दायित्व बोध के साथ काम कर लोगों को स्वस्थ्य रखने में अपनी महती भूमिका निभायें। उन्होने जोर देते हुए कहा कि जिले में मातृ एंव शिशु मृत्यु दर अन्य जनपदों की तुलना में अधिक है, जो चिंता का विषय है। इसे रोके बिना स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना नही पूरी की जा सकती है, इसलिए मातृ एंव शिशु मृत्यु दर पर रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाए जाएं ताकि स्वास्थ्य के देखभाल के अभाव में जिले में किसी भी गर्भवती/धात्री महिला एंव नवजात शिशुओं की मौत न होने पाए। ए0एन0एम0 और आशा गांव में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन की मुख्य धुरी है इसलिए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी ए0एन0एम0 और आशा वार किये गये कार्यो की समीक्षा भी करे और लापरवाही बरतते पाये जाने पर आशा और ए0एन0एम0 को दण्डित भी किया जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का पंजीकरण/अपडेशन शत-प्रतिशत किया जाए। यदि शत-प्रतिशत अपडेशन में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर की लापरवाही पायी जाए तो उनके विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मुखिया से लेकर उनके अधीनस्थ प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, ए0एन0एम0, आशा बहू, आशा संगिनियो को अब विशेष ध्यान रखकर दायित्व बोध के साथ काम करना होगा। इसके लिए उन्होने जिले की हर गर्भवती महिलाओं से लेकर नवजात शिशुओं को सूचीबद्ध करना होगा तथा समय से टीकाकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हे समय से इलाज मुहैया कराकर स्वस्थ्य बनाना होगा, ताकि जिले की मातृ एंव शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रवार मातृ एंव शिशु मृत्यु दर की समीक्षा की और मृत्यु के कारणों का विश्लेषण करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, उन्होने यह भी निर्देश दिया कि यदि भविष्य में कोई भी मातृ एव शिशु की प्रसव से पूर्व प्रसव के दौरान या प्रसव के पश्चात मृत्यु होती है तो सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को मृत्यु का कारण जच्चा-बच्चा की प्रसव पूर्व की गई देख भाल एवं टीकाकरण/पोषण सम्बन्धी दी गई सुविधाओं के विषय में स्थिति स्पष्ट करनी होंगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जेता सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सन्त प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, डब्ल्यू0एच0ओ0 के एस0एम0ओ0, यूनिसेफ के प्रतिनिधि सहित सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण, हेल्थ पार्टनर्स एवं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बैंक कर्मियों की मनमानी के चलते शासन की आजीविका मिशन योजना पर लग रहा ग्रहण

प्रधुम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



कानपुर ( बिल्हौर )- बैंक कर्मियों की मनमानी से परेशान हुई महिलाएं, शासन की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु चल रही आजीविका मिशन योजना के तहत स्वयं सहायता समूह बनाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है इसमें ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गांव-गांव घूमकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर स्वरोजगार हेतु जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और हर गांव में स्वयं सहायता समूह बहुतायत में बनाये जा रहे हैं किंतु उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक कर्मियों की मनमानी के चलते इन सहायता समूहों के खाते खुल नहीं पा रहे हैं और 50त्न स्वयं सहायता समूह खाता खोलने से पहले ही बंद हो जाते हैं इन बैंकों पर कोई प्रशासनिक दबाव ना होने के कारण शासन की ओर से चल रही आजीविका मिशन आगे नहीं बढ़ पा रही है इसी क्रम में गुरुवार को बिल्हौर ब्लॉक की मिशन मैनेजर अंजलि तुलसी स्वयं सहायता समूह गदनपुर आहार का खाता खुलवाने हेतु तीन पदाधिकारियों सहित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बिल्हौर में गई थी अंजलि ने बताया इस शाखा में 27 स्वयं सहायता समूह के खाते पिछले कई महीनों से खोलने हेतु लंबित चल रहे हैं गुरुवार जब मिशन मैनेजर अंजलि ने बैंक कर्मी को खाता खोलने हेतु कागजात दिए तो उन्होंने खाता खोलने से मना कर दिया इसके उपरांत अंजलि ने अपने अधिकारियों को उपस्थिति दिखाने हेतु स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ सेल्फी ले ली जिसका बैंक कर्मियों ने अभद्रता पूर्वक विरोध किया और बदतमीजी पर उतारू हो गए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं महिला के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज हो चुका है तथा बैंक कर्मियों का भी मुकदमा दर्ज किया जा रहा है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी जेएन राव ने बताया उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों तथा बैंक के अधिकारियों को इसकी शिकायत भेज दी: है क्षेत्र के ये बैंक कर्मी मिशन की प्रगति में बाधा बने हुए हैं सूत्र।

## 60 शीशी नाजायज नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - थाना मल्हीपुर पुलिस ने अभियुक्त विश्राम यादव पुत्र राम धीरज निवासी लक्ष्मणपुर कोठी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 60 शीशी नाजायज नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 317/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया ।

# शौहार्द बिगाडने वाले दो को पुलिस ने धर दबोचा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, थाना मल्हीपुर ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.मो0 लुकमान खान पुत्र कमाल मोहम्मद निवासी बनगई थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती 2. जिबराइल पुत्र मरदान निवासी अकार पो0 कानीबोझी थाना मल्हीपुर,जनपद श्रावस्ती नेपाल राष्ट्र से अवैध प्रतिबंधित का मांस लाकर भारत में बेचते है जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है इस सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को ग्राम गजोबरी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 316/2022 धारा 418,505( 1C ) भा द वि में अभियोग पंजीकृत किया ।

# विकास खण्ड बहेड़ी, मझगवां, शेरगढ़, रिछा ( दमखोदा ) एवं फतेहगंज पश्चिमी की गई कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक संपन्न



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में प्रगति के अनुश्रवण हेतु पोर्टल पर इंडीकेटर्स सम्बन्धी डेटा फीड किए जाने के सम्बन्ध में वर्चुअल ओरियंटेशन प्रोग्राम लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण के माध्यम से जनपद में भी देखा गया। वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जनपद, विकास खण्ड स्तर के सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति की समीक्षा करते की गई। जिसमें बरेली जनपद के विकास खण्ड बहेड़ी, मझगवां, शेरगढ़, रिछा ( दमखोदा ), फतेहगंज पश्चिमी के जिला स्तर के सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास खण्डों में कार्यों में शीघ्र प्रगति लाई जाए। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/डीसी मनरेगा, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी आंवला,उपजिलाधिकारी बहेड़ी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुशखबरी, यूपी बोर्ड में इतने नंबर पाने वालों को मिलेगी साल में 10000 रुपए की स्कॉलरशिप

यूपी बोर्ड की 2022 इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल 11460 मेधावियों को केंद्र सरकार की ओर से स्नातक स्तर पर सालाना दस हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। बोर्ड ने शुक्रवार को छात्रवृत्ति के लिए योग्य छात्र-छात्राओं का कटऑफ जारी कर दिया। विज्ञान, वाणिज्य व कला वर्ग में क्रमशः 347, 341 व 321 अंक पाने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सालाना पारिवारिक आय आठ लाख रुपये से कम हो, वे आवेदन कर सकते हैं।

योग्य छात्र-छात्राओं के विवरण शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट www.scholarships.gov.in पर उपलब्ध हैं। नेशनल स्कालरशिप पोर्टल 20 जुलाई से 31 अक्टूबर तक खुला रहेगा। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने मेधावियों को सलाह दी है कि इस वेबसाइट पर विस्तृत विवरण प्राप्त कर आवेदन अवश्य करें। ऐसे मेधावी छात्र-छात्राएं जो किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते हैं, वे यह छात्रवृत्ति पाने के योग्य होंगे। विज्ञान, वाणिज्य व मानविकी वर्ग में क्रमशः x:w:v के अनुपात से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

पूर्व के वर्षों 2017, 2018, 2019 व 2020 में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अपनी छात्रवृत्ति नवीनीकरण के लिए इस वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। सभी छात्र-छात्राओं को अपना आधार नंबर अपने राष्ट्रीयकृत बैंक खाता संख्या से लिंक कराना होगा।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय पर जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बाल संरक्षण सेवाओं को और अधिक क्रियाशील बनाने हेतु गुणवत्तापरक कार्यवाही सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने योजना से संबंधित इकाईयों की रिपोर्ट जिनमें जे0जे0बी0, सी0डब्ल्यू0सी0, चाइल्ड लाइन, रेलवे चाइल्ड लाइन, सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) खुला बाल आश्रय गृह, एवं ए0एच0टी0यू0 आदि इकाईयां सम्मिलित है की रिपोर्ट पर गहनता से परिशीलन किया तथा बाल संरक्षण योजना से संबंधित इन सभी इकाईयों को शासन की मंशा के अनुरुप समाजहित एवं बाल हित में कार्यो को पूर्ण मेहनत , लगन एवं निष्ठा से क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विभागों यथा श्रम, शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा स्वास्थ्य एवं मद्यनिषेध विभागों के कार्यो एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को ठीक प्रकार से कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, जिला टास्कफोर्स के कार्यो की समीक्षा की गयी तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंर्तगत सत्यापित आवेदन पत्रों के अनुमोदन पर विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं जिला टास्कफोर्स के कार्यो की समीक्षा की गयी तथा इस योजना के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विभागों को अर्न्तविभागीय समन्वय एवं सामन्जस्य की कार्य पद्धति अपनाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किए गये तथा बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के अर्न्तगत एक्टिविटी बढाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में बाल विवाह रोकथाम जिला टास्कफोर्स के सदस्यों से विचारोपरान्त बाल विवाह रोकथाम में जनसहभागिता पर बल देते हुए इसके प्रभावी रोकथाम हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने पर बल दिया गया तथा वन स्टाप सेन्टर को और अधिक क्रियाशील बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, एलडीएम विशाल दीक्षित, जिला प्रोबेशन अधिकारी नरेश चैहान, कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शांडिल्य, संयुक्त मिशन अभियोजन, एसीएमओ सहित मद्यनिषेध रेलवे चाइल्ड लाइन के सदस्य एवं जिला बाल संरक्षण समिति के सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

# 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ अमरोहा की कशिश यादव बनीं मुरादाबाद मंडल की टापर

मुरादाबाद-लंबे इंतजार के बाद सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। 99.6 फीसद अंकों के साथ अमरोहा की कशिश यादव मंडल टापर बनीं। वहीं मुरादाबाद में परिधि कुकरेजा को 99.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। मुरादाबाद के दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा परिधि ने कॉमर्स स्ट्रीम से परीक्षा दी थी। मुरादाबाद में परिधि के सबसे ज्यादा अंक हैं। इसके साथ ही सेंट मैरी की दीप्ति ने विज्ञान वर्ग में 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सीबीएसई 12वीं का परिणाम सुबह 10 बजे जारी हो गया। डीपीएस की परिधि कुकरेजा ने वाणिज्य वर्ग में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जबकि सेंट मैरी स्कूल की दीप्ति ने विज्ञान वर्ग में 98. 8 प्रतिशत अंक पाए हैं। परिणाम आते ही स्कूलों में होनहार छात्र छात्राएं पहुंचने लगे उनके चेहरे पर सफलता की खुशी झलकी। एक दूसरे को बधाई दी और अंक जानने की होड़ लगी रही। छात्र-छात्राओं ने खुशी की छलांग लगाई। सभी स्कूल एक-एक करके रिजल्ट निकाल रहे हैं। ।हालांकि, पिछले साल परिणाम वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धति से घोषित हुए थे। वहीं, वर्ष 2020 में पास प्रतिशत 88.78 फीसदी और वर्ष 2019 में 83.40 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए थे।

## मार्कशीट-कम-सर्टिफिकेट ऐसे करें डाउनलोड

सीबीएसई बोर्ड 12वीं मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए डिजीलॉकर पोर्टल, digilocker.gov.in पर जा सकते हैं। भारत सरकार के इस पोर्टल या मोबाइल एप से मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए पहले उस पर लॉग-इन करना होगा। इसके लिए आधार नंबर, मोबाइल नंबर और स्कूल की ओर से दिए गए पिन नंबर की जरूरत होगी। पोर्टल या एप पर इन सभी को फीड करके सबमिट करना होगा। इसके बाद छात्र अपनी मार्कशीट-कम-सर्टिफिकेट की डिजिटल कॉपी डाउनलोड कर सकेंगे। इस सर्टिफिकेट को स्टूडेंट्स किसी भी एडमिशन या जॉब में लगा सकेंगे।

### सीबीएसई 12वीं के परिणाम की टाप-10

1-परिधि कुकरेजा, 99.4 प्रतिशत, वाणिज्य, डीपीएस
2-दीप्ति भारद्वाज, 98.8 प्रतिशत, विज्ञान, सेंटमेरी स्कूल
3-सार्थक गुप्ता, 98.6 प्रतिशत, विज्ञान, आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल
4-रिविका सिंघल 98.4 प्रतिशत, कला वर्ग, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल
5- रिया गुप्ता, 98 प्रतिशत, कामर्स, सेंटमेरी स्कूल
5-तूषार राजा, 98 प्रतिशत, विज्ञान, डीपीएस
5-हिमांशी सिंह, 98 प्रतिशत, पीएमएस
6-श्रेयसी रस्तोगी, 97.8 प्रतिशत, कामर्स, सेंटमेरी स्कूल
6-साराह असद, 97.8 प्रतिशत,विज्ञान वर्ग, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल
6-गौरांगी अग्रवाल, 97.8 प्रतिशत, कामर्स, डीपीएस
6-नेहल मिश्रा, 97.8 प्रतिशत, कामर्स, डीपीएस
7-अंशज उनियाल, 97.6 प्रतिशत, कामर्स, डीपीएस
7-निशिता यादव, 97.6 प्रतिशत, विज्ञान, पीएमएस
7-अक्षरा गुप्ता, 97.6 प्रतिशत, विज्ञान, शिरडी साईं पब्लिक स्कूल
7-ध्रुव अग्रवाल, 97.6 प्रतिशत, विज्ञान, शिरडी साईं पब्लिक स्कूल
8-शाम्भवी शर्मा, 97.4 प्रतिशत, कामर्स, सेंटमेरी स्कूल
8-भाव्या मेहरोत्रा, 97.4 प्रतिशत, विज्ञान, सेंटमेरी स्कूल
8-अन्या सिंह, 97.4 प्रतिशत, कामर्स, डीपीएस
8-सारांश गुप्ता, 97.4 प्रतिशत, विज्ञान, पीएमएस
8-इशिता अग्रवाल, 97.4 प्रतिशत, विज्ञान, आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल
9-अक्षत शर्मा, 97.2 प्रतिशत, विज्ञान, डीपीएस
9-साहित्य, 97.2 प्रतिशत, विज्ञान, डीपीएस
9-सृष्टि गुप्ता, 97.2 प्रतिशत,कामर्स, डीपीएस
9-दिव्यांश, 97.2 प्रतिशत, कामर्स, एसएस चिल्ड्रन अकादमी, कांठ रोड 10-जुबिया सैयद, 97 प्रतिशत, सेंटमेंरी स्कूल

# इंदिरा चौक पर आलीशान कोठी में चल रहा था जुए का अड्डा, 16 गिरफ्तार

मुरादाबाद-गोपनीय सूचना के आधार पर सीओ कटघर ने इंदिरा चौक स्थित आलीशान कोठी पर छापा मारा। इस दौरान कोठी के अंदर जुए का अड्डा चलता मिला। 16 लोग जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े। मौके से तीन लाख 92 हजार रुपए की नगदी मिली। पकड़े गए लोगों में एक्सआर्मी मैन के अलावा ब्रास व्यापारी भी शामिल हैं। सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। शनिवार को सभी को जेल भेजा जाएगा। सीओ कटघर डाक्टर अनूप यादव को गोपनीय सूचना मिली थी कि इंदिरा चौक स्थित एक कोठी पर जुआ खेला जा रहा है। सीओ ने अपनी टीम के साथ अकबर के यहां छापेमारी की। इस दौरान 16 लोगों को रंगे हाथ जुआ खेलते गिरफ्तार किया। अचानक फोर्स को देखकर जुआरियों में हड़कंप मच गया। कुछ ने छत से कूदने की भी कोशिश की, मगर पुलिस की घेराबंदी के कारण सफल नहीं हो सके। पकड़े गए जुआरियों में हार्डवेयर का काम करने वाले शावेज अख्तर, ब्रास कारोबारी शमीम अहमद, पीतल कारोबारी रवि वर्मा, सोनू राणा, कंप्यूटर आपरेटर निर्यात फर्म, रामकिशन हुड्डा रिटायर्ड आर्मीमैन बरेली में जाट रेजीमेंट कैंटीन का ठेका, गुलशन अरोड़ा नमकीन बिस्किट व्यापारी, सोनू राठौर और पवन डीजे संचालक, ब्रास कारोबारी अकबर, बाबू उर्फ रहीश, हार्डवेयर व्यापारी वसीम, पीतल कारोबारी फरहान, ब्रास व्यापारी जिया उल रहमान, ब्रास व्यापारी मोहम्मद आजम, पशु व्यापारी मनोज कुमार व शुभम शामिल हैं। सीओ कटघर डाक्टर अनूप ने बताया कि सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## पुलिस की मिलीभगत की होगी जांच

सीओ कटघर ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की। थाना पुलिस को छापेमारी की सूचना से अंजान रखा। थाना व चौकी पुलिस की जुआरियों से मिलीभगत की जांच की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि बिना पुलिस की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर जुआ खिलाया जाना असंभव है।

# भजनों के माध्यम से किया शिव का गुणगान

मुरादाबाद-श्री कृष्णा सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में अमरोहा गेट मुनि गली स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रहे शिव महापुराण में कथा व्यास पंडित भगीरथ भट्ट ने भजनों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव में अपने भक्तों और सेवकों की रक्षा के लिए विष तक पी लिया था। यह श्रद्धालुओं की भक्ति से ही संभव हुआ था। इसीलिए कहते हैं भगवान भक्तों के वश में हैं। भगवान शिव की भक्ति और उनकी कृपा से ही मोक्ष का रास्ता भी प्रशस्त होता है। राजकमल रस्तोगी, दीपक मेहरोत्रा, सचिन मेहरोत्रा,राजीव मेहरोत्रा, मधुर मेहरोत्रा, अनुभव मेहरोत्रा, वीरेंद्र खन्ना आदि शामिल शामिल रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Big Win


As India has elected its future President, it is a time of joy and celebration for the country as a whole. Exactly a month ago on June 21, when the BJP announced the name of former governor Draupadi Murmu on behalf of the National Democratic Alliance, it was almost certain that the country would get its first tribal woman president. The announcement of his name shocked the opposition badly, cracks started appearing in it. There was hesitation even in the Trinamool Congress, which had put forward Yashwant Sinha as the presidential candidate. It was a happy occasion for Odisha that for the first time someone was going to become Odia President, then Biju Janata Dal openly came in favor of Draupadi Murmu. Meanwhile, the anti-BJP coalition government in Maharashtra fell and when the government was formed with the support of the BJP, it became clear that Draupadi Murmu's votes would increase from Maharashtra as well. Keep in mind, before the presidential election and the announcement of the names of the candidates, the vote value of the overall opposition was about 1.5 percent more than the ruling coalition. Despite the minor difference, the opposition showed enthusiasm in favor of its candidate Yashwant Sinha, so this is also the beauty of Indian democracy. By the way, this possibility has been recorded in history that if the BJP had announced the name of Draupadi Murmu earlier, then perhaps the opposition would not have put forward any candidate from its side. This possibility or thing was openly expressed by some leaders of the opposition parties. Well, it has also been recorded in history that there was a lot of politics in the election for the 15th President of the country. There was some rhetoric on the part of the candidates like the leaders. The ruling party put the opposition in political and moral trouble and was easily defeated. It is a pity that every time I wish political parties could reach a consensus on the presidential election. Everyone could agree on electing at least one tribal woman as the President, for this there should have been a concerted effort. In an independent country, after the start of the election process at the Center and the states, this has happened only once, in 1977, Neelam Sanjiva Reddy was elected unopposed as the President.“Now Draupadi Murmu will take charge on July 25 and a new chapter will be added to the nation's saga in the nectar year of independence. The tribal society of the country has come a long political journey, their achievements are no less. In Indian democracy, such an equation has been created by the small and big achievements of the tribals, when we will see a tribal woman as the first citizen of the country. This is really new India. The framers of the Constitution had envisioned this inclusive India, in which every section would get representation at the top level. About 12 crore tribals of the country will undoubtedly feel proud, they will be inspired to improve their lives. In the light of the immense possibilities of the Indian Constitution, it is time to get inspired to move towards development. The message of the highest office should be realized in the whole country, this achievement of tribals or the politics of the country should not remain only symbolic, it will also have to be ensured by the next President living within his level and within his limits. The world is about to face a whole new face of our rich diversity.

# Nude pictures of Ranveer Singh created panic, got a photoshoot done for the magazine



Ranveer Singh is known for his extrarangi fashion. Be it airport look or any event, her clothes have been discussed every time. Sometimes he is also made fun of, but he does not compromise on his fashion, regardless of these. Now nude pictures of Ranveer, who has been making headlines for looks and clothes, have created panic. His pictures have gone viral on the internet. These pictures of Ranveer are from a photoshoot done for a magazine. Photos of Posing Viral- Ranveer is posing in different styles on a Turkish carpet. In some photos he is lying down and in some he is standing. He has done photoshoot for Paper magazine. The pose of a picture of Ranveer is inspired by Burt Reynolds. He also did a nude photoshoot for this magazine. In an interview with the magazine, Ranveer talked about his films and fashion. What Ranveer said on Naked Photoshoot- Ranveer said in an interview on Nude Photoshoot, 'It is very easy for me to be physically naked. I have been naked in some of my performances. You can see my soul. How naked is he? I can be naked in front of a thousand people. It doesn't matter to me. It's just that they become uncomfortable. What are you doing on the workfront- Ranveer Singh's upcoming film is 'Circus' with Rohit Shetty. The film stars Jacqueline Fernandez and Pooja Hegde. The film will release on the occasion of Christmas this year. Apart from this, he will also be seen in Karan Johar's 'Rocky Aur Rani Ki Prem Kahani'. Alia Bhatt is opposite Ranveer in the film. 'Rocky and Rani's love story' will hit the theaters on February 11, 2023

# Yash Raj played the biggest bet on Ranbir Kapoor, 'Shamshera' being released on more than 5000 screens



Just a few more hours... then Ranbir Kapoor will be in front of his fans. After four years, Bollywood's Saawariya is making a comeback on the silver screen in a completely new style. The producer of the film Yash Raj Films has also played a big bet on Shamshera and is preparing to launch the film in theaters on a large scale. According to trade experts, Shamshera is being launched on more than five thousand screens across the world on Friday. Shamshera has become the first film to be released on so many screens after the coronavirus pandemic. There are many reasons why Yash Raj's hopes are pinned on this film. Directed by Karan Malhotra, Ranbir will be seen in the role of a dacoit for the first time in Shamshera - Agneepath's biggest release after Pandemic. For the first time, he will also be seen in a double role and is sharing screen space with Vaani Kapoor for the first time. With all these 'firsts' and Ranbir's return after four years, the makers have high expectations and keeping these expectations in mind, Shamshera is being released in such a big way. According to trade expert Taran Adarsh, Shamshera is being released on 5,550 screens worldwide, out of which 4350 are in India only. The rest are given overseas. The number of screens at the domestic box office is more than that of Samrat Prithviraj, which released on 3750 screens. From this it can be understood what Shamshera means to Yash Raj Films. Ranbir Kapoor's first period film Shamshera-Shamshera is a period film, whose story is shown in the British era. Of these, films like Bunty Aur Babli 2, Jayeshbhai Jordaar and Samrat Prithviraj have piled up at the box office. Now all hopes rest on Shamshera. Let's see how Ranbir Kapoor's fans live up to these expectations.

# जेल में बंद पूर्व विधायक रामेश्वर यादव उनके भाई जुगेंद्र सिंह यादव सहित पूरे परिवार के शस्त्र लाइसेंस निरस्त


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल की बड़ी कार्यवाही जेल में बंद पूर्व विधायक रामेश्वर यादव उनके भाई जुगेंद्र सिंह यादव सहित पूरे परिवार के शस्त्र लाइसेंस निरस्त डीएम ने आर्म्स एक्ट के तहत 14 अभियुक्तों के 22 शस्त्र लाईसैंस किए निरस्त जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से की गई कार्यवाही एटा। जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल ने जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से आर्म्स एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए 14 अभियुक्तों के 22 शस्त्र लाईसैंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की है। डीएम ने श्रीमती राममूर्ति देवी पत्नी रामेश्वर सिंह यादव निवासी प्रेमनगर थाना कोतवाली नगर के दो शस्त्र लाईसैंस, श्रीमती रेखा देवी पत्नी जुगेन्द्र सिंह निवासी प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर के दो शस्त्र लाईसैंस, जुगेन्द्र सिंह पुत्र लालाराम निवासी सुरेशपुरी जीटी रोड थाना कोतवाली नगर के दो शस्त्र लाईसैंस, रवेन्द्र सिंह पुत्र लालाराम निवासी प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर, रवेन्द्र सिंह उर्फ मुखिया पुत्र लालाराम निवासी अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर, प्रमोद कुमार पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर, रामेश्वर सिंह पुत्र लालाराम निवासी प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर के दो शस्त्र लाईसैंस, रामनाथ सिंह पुत्र लालाराम निवासी प्रेम नगर थाना कोतवाली नगर के दो शस्त्र लाईसैंस आर्म्स एक्ट के तहत निरस्त किया गया है।




# सीओ अलीगंज के सुपुत्र यशराज सिंह सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में बना टॉपर, हर्ष

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सीओ अलीगंज राजकुमार सिंह एवं एसडीएम मथुरा श्रीमती रेशमा सिहं के सुपुत्र यशराज सिहं ने सीबीएसई इंटरमीडिएट की परीक्षा में 94 प्रतिशत अकं प्राप्त कर टॉपर बनके जहां परिवार में हर्षोल्लास का माहौल उत्तपन्न किया है तो वही उन्होने एटा एवं मथुरा जिले का भी मान बढाया है ! अलीगंज के जनप्रिय विधायक ठा. सत्यपाल सिहं राठौर सहित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डा. अशोक रत्न शाक्य व पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता , नगर व्यापार प्रतिनिधि मन्डल के अध्यक्ष ठा. अजयपाल सिहं 卐 बंटी ठाकुर 卐 , महामंत्री विजय दीक्षित , भाजपा नेता उमेश गुप्ता , युवा भाजपा नेता गौरव गुप्ता , सम्यक शाक्य ने यशराज सिहं के टॉपर बनने पर खुशी जाहिर करते हुऐ उसके उज्वल भविष्य की कामनाऐं की है !

# प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं के तहत प्रतिभावान कलाकार 28 जुलाई तक करें आवेदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार ने सूचित किया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा- लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोकनाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन 22 जुलाई 2022 तक किया जाना प्रस्तावित था, जिसके लिए आवेदन 16 जुलाई तक आमंत्रित किए गए थे। जनपद के प्रतिभावान कलाकारों को पुनः अवसर देते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई निर्धारित की गई है। तदोपरान्त कार्यक्रम का आयोजन शहर के प्रिंटिस गर्ल्स इण्टर कॉलेज में 29 जुलाई को किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन हेतु कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में करना होगा, जो जिला सूचना कार्यालय एटा या संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture-up-nic-in पर भी प्राप्त किया जा सकता है। उक्त आवेदन जिला सूचना कार्यालय एटा में जमा किए जा सकेंगे। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को ई-डायरेक्टी में पंजीकृत किया जाएगा तथा उनको क्यूआर कोड वेस्ट पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक कलाकार/अभ्यर्थी 28 जुलाई तक प्रत्येक दशा में अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित कार्यालय में जमा करा दें, उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

# एसडीएम ने किया निरीक्षण / छात्राओं को हर घर तिरंगा कार्यक्रम की दी जानकारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- उप जिला अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने नगर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आज आकस्मिक निरीक्षण किया है जहां उन्होंनेशिक्षण कक्षाओं कार्यालय आदि की व्यवस्थाओं एवं शिक्षण कार्य का जायजा लिया है इस दौरान शिक्षण कक्षाओं में छात्राओं की अधिकाधिक उपस्थिति देख उप जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह ने संतोष जताया है निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह ने छात्राओं से अंग्रेजी पुस्तक पढवाकर शिक्षण कार्य की गुणवत्ता परखी एवं छात्राओ से सामान्य ज्ञान की भी जानकारी हासिल की है इस दौरान उप जिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में प्रकृति का मूल आधार शिक्षा है शिक्षा के बिना हम विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकते इस दौरान उन्होंने शासन की तमाम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ऐसे में सभी छात्राएं अपने अपने घर तिरंगा प्रोटोकॉल के तहत तिरंगा फहराए निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्या श्रीमती मंजूषलता यादव ने छात्राओं के संख्या बल के सापेक्ष विद्यालय में अध्यापिकाओं की नियुक्ति करने का उप जिलाधिकारी से प्रस्ताव रखा उप जिलाधिकारी करहल ने विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया इस दौरान अध्यापिकाओ में डॉक्टर सुजाता वीरेश श्रीमती आशुतोष गहरवार श्रीमती पूजा सिंह श्रीमती अनुराधा शर्मा आदि शिक्षण कक्षाओ में मौजूद दिखी

# कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में अपर जिला अधिकारी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन सौंपा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- ज्ञापन के दौरान एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने अवगत कराय की केंद्र सरकार में बैठी भाजपा सरकार चुनाव के दौरान किसी न किसी बहाने विपक्षी दलों के नेताओं को डराने का काम केंद्रीय विभागों सीबीआई ,ईडी के माध्यम से करती है ताकि विपक्षी दलों के नेता उसके अवैध मंसूबे अवैध नीतियों का विरोध करना छोड़ दें और केंद्र सरकार की गलत नीतियों का भी समर्थन करें जिससे केंद्र सरकार के निशाने पर प्रमुख कांग्रेस पार्टी के नेता निशाने पर रहते हैं ठाकुर अनिल सोलंकी मोहम्मद इरफान एडवोकेट ने कहा कांग्रेस के कार्यकर्ता केंद्र में बैठी मोदी सरकार को चेतावनी देते हैं लोकतंत्र की वह हत्या ना करें संसद और संसद के बाहर विपक्ष को संवैधानिक अधिकार लोकतान्त्रिक तरीके से अपना कार्य करने दे इन नेताओं पर लगाए गए आरोप वापस करने की तुरंत आवश्यकता है ज्ञापन के दौरान जलेसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉक्टर गीतम सिंह राजपूत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुवंश शर्मा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत गांधी संगठन के शहर उपाध्यक्ष भोला गुप्ता जयकुमार राय अंशुमान जौहरी एडवोकेट वेद प्रकाश माथुर एडवोकेट मुकेश बघेल एडवोकेट शशि दुबे अमित कुमार लालू पुष्पेंद्र बघेल सोनी लाल रावत आदि लोग उपस्थित थे

# बरसात के गंदे पानी में बच्चे के गिरने का वीडियो हुआ वायरल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नगर पालिका की गलतियों का खामियाजा अब इस बरसात के मौसम में बच्चों को उठाना पड़ रहा है आप बता दें जनपद में मानसून ने दस्तक दे दी है, हल्की फुल्की बरसातों में ही अब गलियों में गड्ढों के साथ-साथ कीचड़ भी होने लगी है जो स्कूली बच्चों के लिए आफत बनती नजर आ रही है आपको बता दें जल निगम द्वारा जनपद में लंबे समय से सीवर कार्य चल रहा है जिसके चलते गली मोहल्ले में गहरे गहरे गड्ढे किए हैं जिसके बाद हुई बरसात में गड्ढे कीचड़ में तब्दील हो गए आज हुई बरसात से नगरपालिका की पोल को भी खोल कर रख दिया है गली मोहल्ले में लबालब भरी कीचड़ पानी से बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा वही बारिश के मौसम से पूर्व हाथ पर हाथ रखे बैठी नगर पालिका की लापरवाही भी साफ तौर पर देखने को मिली जिसके तहत शहर के कई इलाकों में जलभराव कीचड़ जैसी समस्या को साफ तौर पर देखा गया।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# एसडीएम के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा, आज तीसरे दिन न्यायालय बहिष्कार रहा जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जलेसर। एसडीएम के कार्य व्यवहार को लेकर वकीलों में आक्रोश है। वकीलों ने एसडीएम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके न्यायालय का बहिष्कार शुरू कर दिया था जो आज तीसरे दिन भी निरन्तर जारी रहा। एसडीएम का स्थानांतरण किए जाने की मांग वकीलों ने डीएम, कमिश्नर से लेकर शासन से की है। बार एसोसिएशन जलेसर की बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पचौरी ने कहा कि बार एशोसिएशन की मीटिंग में सर्व सम्मति से ये निर्णय लिया गया है कि अलंकार अग्निहोत्री एसडीएम जलेसर के न्यायालय का बहिष्कार स्थानांतरण तक रहेगा। आज अधिवक्ता संघ के सचिव जीवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तबादला न होने पर आंदोलन का रूप उग्र होगा जो कि सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। एसडीएम की ओर से अधिवक्ताओं के साथ आए दिन गलत रवैय्या अपनाया जाता है एवं कार्य मे अनियमितता बरती जाती है। एसडीएम द्वारा अधिवक्ताओं के साथ गलत रवैय्या अपनाये जाने से वकीलों में आक्रोश है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसडीएम के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। वकीलों ने बुधवार से ही एसडीएम न्यायालय का बहिष्कार शुरू कर दिया है। तत्काल स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही एसडीएम का तबादला नहीं किया गया तो न्यायालय बहिष्कार के साथ-साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

# हाथरस में नूंह और रांची जैसी वारदात, चेकिंग कर रहे चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल पर लुटेरों ने चढ़ाई कार



यूपी के हाथरस में नूंह और रांची जैसी वारदात सामने आई है। हाथरस जंक्शन की केशोपुर पुलिस चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबिल को लुटेरों ने कार से कुचलने की कोशिश की। हालांकि कार आगे जाकर पलट गई और चालक को पकड़ लिया। इसमें दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। एसपी ने अस्पताल आकर पुलिसकर्मियों का हाल जाना। कार सवार लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे थे। कोतवाली हाथरस जंक्शन में एटा बॉर्डर पर केशोपुर पुलिस चौकी है। शुक्रवार की शाम को बाइक सवार दो लोगों ने 112 नंबर पर फोन करके सूचना दी कि अर्टिका कार में सवार लोगों ने उनके साथ मारपीट की है और लूटपाट की है। कार सवार केशोपुर की तरफ भागे हैं। इससे चौकी इंचार्ज आंनद चौधरी और हेड कांस्टेबिल विनोद कुमार ने बेरियर लगाकर गाड़ी को रोकने की कोशिश की। दोनों पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में थे, लेकिन कार सवारों ने बेरियर को टक्कर मार दी और भाग निकले। कार सवारों ने दोनों पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। बताया जाता है कि दरोगा गाड़ी की स्टेरिंग से लटक गया और काफी दूर तक घिसटता चला गया। आगे जाकर कार पलट गई और चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़ा गया चालक हसायन क्षेत्र का ही रहने वाला है। लिहाजा दोनों घायल पुलिसकर्मियों को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। यहां दोनों का उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक विकास कुमार वैद्य मौके पर आ गए।

हाथरस एसपी विकास कुमार वैद्य ने बताया, थाना जंक्शन क्षेत्र के एक बाइक सवार द्वारा शिकायत की गई कि कार सवारों ने उनके साथ मारपीट और लूटपाट की है। इसी सूचना पर केशोपुर चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबिल ने कार को बेरियर लगाकर रोकने की कोशिश की। कार सवारों ने बेरियर को तोड़ दिया। इसमें पुलिसकर्मी घायल हुये है। कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी कार में सवार चार से पांच अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस आज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में 23 जुलाई शनिवार को कल जनपद के समस्त थानों पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनशिकायतों का थाना समाधान दिवस में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। जन सामान्य से अपील है कि थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग कर भूमि विवाद से संबंधित अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं।

# कागज की गड्डियां बनाकर ऊपर-नीचे लगाते थे असली नोट, 15 हजार के नोटों से बनाई 53 लाख की गड्डियां, छह गिरफ्तार



नकली नोट बताकर ठगी करने वाले गिरोह का एसओजी और लिसाड़ी गेट पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह ने 15 हजार रुपये के नोट लगाकर 53 लाख की गड्डियां तैयार कर ली और इन गड्डियों के ऊपर और नीचे ही असली नोट लगाए। गिरोह में शामिल एक होमगार्ड पुलिस की वर्दी पहनकर डील के समय दबिश का ड्रामा करता था और इन गड्डियों के खरीदार की रकम को यह गैंग हड़प लेता था। पुलिस लाइन में शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान एसपी क्राइम अनित कुमार और सीओ अभिषेक पटेल ने बताया कि यह गिरोह शहर में काफी समय से सक्रिय था। गिरोह कुछ लोगों को झांसे में लेकर उन्हें मामूली रकम के बाद लाखों के नकली नोट देने का लालच देते थे। भरोसा बनाने के लिए खरीदार को डील से पहले यह असली नोट को ही नकली बताकर बाजार में चलाने के लिए दे देते थे। नोट असली होता था, इसलिए बाजार में आसानी से चल जाता था। इसके बाद खरीदार का विश्वास बन जाता था। इसके बाद नकली नोट की डील होती थी। जिस जगह लेनदेन होता था, वहीं पर गिरोह में शामिल होमगार्ड अपने साथी के साथ पुलिस की वर्दी पहनकर दबिश का ड्रामा करता था। गिरोह के छह गुर्गो मोहसीन, नाजिम, मेहताब, अरशद, सतेंद, कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया है। गंगानगर थाने में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस गिरोह ने 20 से ज्यादा वारदात अंजाम दी हैं। पुलिस की वर्दी, 28 हजार रुपये की नकदी और कागज के टुकड़े लगाकर तैयार की गई भारी मात्रा में गड्डियां बरामद की हैं।

## यह हुआ बरामद

■ आरोपियों से कुल 28 हजार की रकम, चार बाइक, 500-500 रुपये की 9 गड्डी, 200-200 रुपये के नोट वाली चार गड्डी बरामद की गई हैं। इसके अलावा आरोपियों से पुलिस की वर्दी भी बरामद की गई है।

## ये आरोपी गिरफ्तार

■ मोहसीन निवासी रसूलपुर औरंगाबाद, भावनपुर।
■ मेहताब निवासी रसूलपुर, औरंगाबाद भावनपुर।
■ नाजिम निवासी पचपेड़ा, भावनपुर।
■ अरशद निवासी खुशहालनगर, लिसाड़ी गेट।
■ सतेंद शर्मा निवासी संजयनगर, सिविल लाइन।
■ कृष्ण निवासी संजयनगर, सिविल लाइन।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की बैठक में नहीं आए जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री और मेरठ मंडल के प्रभारी सुरेश खन्ना की बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक शामिल नहीं हुए। बताया गया कि वह अस्वस्थ हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि उन्हें कुछ और व्यस्तता होगी। शुक्रवार को मेरठ मंडल के प्रभारी और वित्त, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण, उद्यमियों के साथ बैठक के लिए मेरठ पहुंचे। मेरठ मंडल के प्रभारी मंत्रियों में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद और जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक शामिल हैं। मंत्री दिनेश खटीक को छोड़कर अन्य दो मंत्रियों का प्रोटोकॉल भी 20 जुलाई को ही जारी हो गया था। प्रोटोकॉल में सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता, निरीक्षण, बैठक सभी शामिल था। दोनों मंत्रियों ने मेरठ पहुंचने के बाद सर्किट हाउस में ऊर्जा राज्यमंत्री डा.सोमेन्द्र तोमर, विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी डा.सरोजनी अग्रवाल और अन्य नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। जलशक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक मेरठ में होने के बावजूद न तो सर्किट हाउस पहुंचे और न ही किसी कार्यक्रम में शामिल हुए। बताया गया कि वह देर रात मेरठ पहुंचे हैं। जब मीडिया ने दिनेश खटीक के नहीं आने पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ और व्यस्तता रही होगी। इस संबंध में कई बार जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। गंगानगर स्थित उनके आवास पर बताया गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है।

### लखनऊ से मेरठ तक घनघनाते रहे फोन

लखनऊ से लेकर मेरठ तक जलशक्तिराज्य मंत्री दिनेश खटीक की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। खटीक ने न तो लखनऊ में जलशक्ति विभाग के कार्यक्रम में भाग लिया और न ही मेरठ में वह कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में शामिल हुए। मोबाइल बंद है और यह बताया जा रहा है कि उनकी तबियत ठीक नहीं है।